मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-514
**14/08/2026**

# तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक, हर घर तिरंगा अभियान को जन–जन का अभियान बनाएं– मुख्यमंत्री

## मुख्य बिंदु :–

- हर घर तिरंगा अभियान–2026 के तहत हवेली खड़गपुर के अम्बेदकर चौक से पटेल चौक तक मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- 'भारत माता की जय' के जयघोष और तिरंगे के साथ लोगों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति का संदेश दिया।
- मुख्यमंत्री ने स्व0 नन्दलाल बसु, बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पटना, 14 अगस्त 2026 :– हर घर तिरंगा अभियान–2026 के तहत मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में आज मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर में अम्बेदकर चौक से पटेल चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में बिहार सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षद, स्कूली छात्र–छात्राएं, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति और नागरिकों में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने लोगों से इस अभियान को जन–जन का अभियान बनाने का आह्वान किया।

तिरंगा यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' के जयघोष, राष्ट्रभक्ति की धुन और ढोल–नगाड़ों की गूंज से पूरा हवेली खड़गपुर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और गौरव की भावना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने यात्रा के दौरान नन्दलाल बसु चौक पर महान कलाकार स्व0 नन्दलाल बसु, अम्बेदकर चौक पर बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर तथा पटेल चौक पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर गन्ना उद्योग सह मुंगेर जिला के प्रभारी मंत्री श्री संजय कुमार, विधायक श्री नचिकेता, विधायक श्री कुमार प्रणय, विधान पार्षद श्री लाल मोहन गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राकेश कुमार, जिलाधिकारी श्री निखिल धनराज निप्पनिकर, पुलिस अधीक्षक श्री सैयद इमरान मसूद, अन्य वरीय अधिकारी, छात्र–छात्राएं, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

******